हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 13 सितंबर 2025

04 एनी टाइम बेकरी पर तहसीलदार और खाद्य...



07 रेड क्रॉस सोसाइटी ने टीबी मरीजों को आहार ...





## खबर संक्षेप में

### महिला आईटीआई में 20 सितंबर तक प्रवेश

**सीहोर।** शासकीय अम्बेडकर महिला आईटीआई सीहोर में संचालित एनसीव्हीटी,एससीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी पहले आओ पहले पाओ के अधार 20 सितम्बर तक प्रवेश ले सकते हैं। विद्यार्थी स्वेच्छा से किसी एक आईटीआई के किसी एक ट्रेड च्वाईस फिलिंग कर सकेगें। समस्त रजिस्टर्ड विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है। च्वाईस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नही है,अतः विद्यार्थियों को सावधानी पूर्वक आईटीआई /व्यवसाय का चयन करना चाहिए। च्वाईस फिलिंग करने के पूर्व आईटीआई में व्यव्सायवार रिक्त सीटों की संख्या अवश्य जांच कर लेंवें। विद्यार्थी को प्रवेश के लिए 50 रूपये का भुगतान कर च्वाईस लॉक करना होगा,तत्पश्चात अलॉटमेंट लेटर प्रिंट कर सबंधित आईटीआई में प्रवेश हेतु समस्त दस्तावेज की मूल प्रति एवं दो सेट फोटो कॉपी सहित पहुंचकर वेरिफिकेशन उसी दिन कराना होगा। वेरिफिकेशन के पश्चात प्रवेश फीस का भुगतान कर प्रवेश स्लिप प्रिंट कर आईटीआई में जमा करना होगा।यदि विद्यार्थी द्वारा उपरोक्त प्रक्रिया को पूर्ण नही किया जाता है तो उनका अलॉटमेंट संस्था द्वारा अगले कार्यालयीन दिवस में दोपहर 02 बजे के पश्चात निरस्त कर रिक्त सीट अनुसार अन्य आवेदक को प्रवेश दिया जा सकेगा।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### जिले में अब तक 937.5 एमएम औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में 1 जून से 11 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 937.5 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 1013.5 एमएम थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 11 सितम्बर तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 863.3, एमएम, श्यामपुर में 879.0, आष्टा में 708.0, जावर में 690.6, इछावर में 867.3, भैरूंदा में 984.0, बुधनी में 1308.0 तथा रेहटी 1199.8 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

### पुलिस अफसरों ने चेक की डायल 112 की रियल्टी

**सीहोर।** क्या आपकी आपातकालीन कॉल पर पुलिस समय पर पहुंचेगी। इसी सवाल का जवाब ढूंढने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने एक अनूठी पहल की है। उन्होंने जिले के सभी एसडीओपी और सीएसपी को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में डायल 112 वाहनों का अचानक निरीक्षण करें। यह निरीक्षण किसी पूर्व सूचना के बिना किया गया था ताकि जमीनी हकीकत का पता लगाया जा सके।पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर न सिर्फ ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों और ड्राइवरों की उपस्थिति की जांच की, बल्कि उन्होंने वाहनों में लगे सभी तकनीकी उपकरणों को भी बारीकी से परखा। इसमें एमडीटी, जीपीएस, बॉडी कैमरा और वायरलेस सिस्टम जैसी जरूरी चीजें शामिल थीं। निरीक्षण के दौरान जहां भी छोटी-मोटी खामियां मिलीं, उन्हें तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा कि डायल 112 पर आने वाली हर कॉल सही तरीके से अटेंड हो रही है।

---

जनता से जुड़ी समस्या के लिए नगर परिषद के पार्षदगण आए आगे

# लखुंदर नदी की पुलिया पर डामरीकरण कार्य की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

*बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आवागमन में परेशानियों का करना पड़ रहा सामना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आमला-नलखेड़ा मार्ग पर नगर के समीप स्थित लखुंदर नदी पर एक बड़ी पुलिया बनी हुई है जिसका निर्माण लगभग 60 वर्षों पूर्व हुआ था। रखरखाव के अभाव में यह पुलिया खस्ताहाल तो हो गई है साथ ही इसकी सतह पर बड़े बड़े गड्ढे ही गड्ढे हो रहे है जिसके कारण आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनता से जुड़ी इस समस्या को लेकर अब नगर परिषद के पार्षदगण आगे आए हैं। जिनके द्वारा कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को दिया गया है। जिसमें नवरात्रि पर्व के पूर्व संपूर्ण पुलिया पर डामरीकरण कार्य करवाए जाने की मांग की गई है।



नगर परिषद नलखेड़ा के समस्त पदाधिकारियों की ओर से शुक्रवार को जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव को नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, उपाध्यक्ष प्रीतेश फाफरिया, पार्षद गोवर्धन वेदिया, देवेंद्र गुप्ता, वंदना जायसवाल, विजयसिंह भिलाला, पार्षद प्रतिनिधि पवन वेदिया, राकेश गवली, निलेश लोढ़ा, इलियास खान, अंबाराम बेगाना, मनोज गायरी आदि के द्वारा संबंधित बड़ी पुलिया पर ही सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई की नगर में प्राचीन सिद्ध पीठ मां बगलामुखी माता का मंदिर स्थित है। उक्त मंदिर सिद्ध पीठ होकर विश्व के मात्र तीन स्थानों में से एक है जहां बगलामुखी माता विराजित है। यहां वर्ष भर देश के समस्त राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहता है। वर्ष की दोनों नवरात्रि में नौ दिनों तक ही विशेष रूप से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं अपनी मनोकामना को लेकर यहां पहुंचते हैं। माता मंदिर पहुंचने के एकमात्र आमला नलखेड़ा मार्ग पर लखुंदर नदी पर वर्षों पुरानी बड़ी पुलिया स्थित है उक्त संपूर्ण पुलिया पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिस कारण वाहनों के आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया पर हो रहे बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहन दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। आम नागरिकों एवं बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण पुलिया पर आगामी नवरात्रि प्रारंभ होने के पूर्व डामरीकरण का कार्य करवाया जावे।

### गड्ढों की लेवलिंग की गई

बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आवागमन में हो रही भारी परेशानियों का सामना कर रहे नागरिकों व वाहन चालकों को राहत देने के लिए नगर परिषद का कार्य नहीं होने के बाद भी परिषद द्वारा जेसीबी और ट्रैक्टर में सुपड़ी लगवाकर गड्ढों की लेवलिंग की गई है।

---

सर्वे कर सावधानी बरतने की सलाह

# ग्राम सामगी माना में मिला मीजल्स का पॉजिटिव केस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

समीपस्त ग्राम सामगी माना में कुछ दिन पूर्व संभावित मीजल्स रोगी का सैंपल किया गया था जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव पाए जाने के उपरांत सर्वे तथा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई जिससे मिजल्स रोग ग्राम में नहीं फैले। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश देहलवार के निर्देशानुसार ग्राम सामगी माना में जिला महामारी नियंत्रक अधिकारी डॉ राजीव कुमार बरसेना द्वारा संभावित मरीजों की जांच की गई। इस अवसर पर डाटा मैनेजर रानी ऊईके, विस्तार खंड विस्तार प्रशिक्षक, भगवान सिंह डगवाल, बीसीएम मान सिंह चौहान द्वारा सामगी माना में भ्रमण कर सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। सावधानी हेतु उप स्वास्थ्य केंद्र की टीम में सीएचओ अनिल कुमार विश्वकर्मा, एएनएम अंजना चौधरी, आशा सुपरवाइजर रेखा सूर्यवंशी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बसंती गोस्वामी, आशा कार्यकर्ता रीना सूर्यवंशी घर-घर जाकर बुखार के साथ रेस निकलने वाले रोगी पहचान कर आवश्यक उपचार कर संभावित पाए जाने पर उसकी सैंपल कलेक्ट कर जांच के लिए भेजा जाएगा।



---

# शारदीय नवरात्रि पर मां बगलामुखी मंदिर पर निशुल्क भंडारे को लेकर बैठक का आयोजन

## माता रानी को छप्पन भोग लगाकर, कन्या पूजन के साथ होगा शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा स्थल पर शारदीय नवरात्रि के दौरान संचालित होने वाले निःशुल्क भंडारे को लेकर पीतांबरा सेवा समिति की बैठक का आयोजन गुरुवार को भंडारा परिसर में किया गया जिसमें समिति सदस्यों द्वारा कई निर्णय लिए गए।

नवरात्रि पर्व पर होने वाले निशुल्क भंडारा के संचालन को लेकर पीताम्बरा सेवा समिति सदस्यों की बैठक गुरुवार को शाम 4 बजे संपन्न हुई। बगलामुखी मंदिर पर वर्ष की दोनों नवरात्रि पर बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा निशुल्क भंडारा संचालित किया जाता है। इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि के दौरान नवरात्रि के प्रथम दिवस मां बगलामुखी को छप्पन भोग लगाने के बाद भंडारा परिसर में कन्या पूजन किया जाएगा। उसके बाद निशुल्क भंडारा प्रारंभ होगा, जो पर्व के 9 दिनों तक ही संचालित रहेगा।

---

# भैंस चोरी के आरोपी गिरफ्तार व घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त

**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में चोरियों की रोकथाम एवं चोरी गए माल की बरामदगी हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत एवं एसडीओपी भेरूंदा के मार्गदर्शन में थाना इछावर पुलिस द्वारा दो शातिर भैंस चोरों को गिरफ्तार कर चोरी गई 02 भैंस, 01 पाड़ी तथा घटना में उपयोग किए गए 01 पिकअप वाहन को बरामद किया गया है।

9 सितंबर को फरियादी रामबाबू पिता मोतीसिंह निवासी ग्राम बावड़ियां गोसाईं, थाना इछावर द्वारा थाने में सूचना दी गई कि दिनांक 06.09.2025 की रात्रि लगभग 2 बजे उसके खेत से दो भैंस एवं एक पाड़ी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। प्रकरण में थाना इछावर में अपराध क्रमांक 284/25, धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए निरीक्षक पंकज वाडेकर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान मुखबिर सूचना एवं सीसीटीवी के आधार पर टीम ग्राम नानसा से गाड़ी के मालिक रामेश्वर गुर्जर की पहचान होने पर उसे पकड़कर पूछताछ की गई, जिसने अपने साथी दीपक यादव निवासी ग्राम इटावा खुर्द के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने चोरी गई भैंसों को रामेश्वर के खेत पर स्थित झोपड़ी में छिपाकर रखना बताया, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर कार्रवाई की।



---

22 सितंबर तक जारी रहेगा अभियान

# विशेष सड़क सुरक्षा अभियान, 5 दिनों में 410 चालान, 1.66 लाख से अधिक शुल्क प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आगर मालवा पुलिस द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 8 सितम्बर से 22 सितम्बर 2025 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 08 से 12 सितम्बर 2025 तक 410 चालान जारी कर 1,66,900 शुल्क प्राप्त किया गया। 12 सितम्बर को विशेष चेकिंग अभियान के दौरान 67 चालान बनाए गए, जिनसे 28,000 समन शुल्क प्राप्त हुआ।

इस प्रकार अभियान के प्रथम 5 दिन 8 से 12 सितम्बर तक 410 चालान बनाए गए और 1,66,900 रुपये समन शुल्क प्राप्त हुआ। अभियान के दौरान नागरिकों को नकदी रहित उपचार योजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को नजदीकी नामित अस्पताल में तत्काल निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है, जिसका संपूर्ण खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाता है। इसके लिए पुलिस अधिकारियों को ई-डीएआर पोर्टल पर पीड़ित की आईडी बनाकर टीएमएस से जोड़ने की जिम्मेदारी दी गई है ताकि पीड़ित को शीघ्र लाभ मिल सके। साथ ही लोगों को राह-वीर योजना की जानकारी भी दी गई। इसके अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल को गोल्डन आवर के भीतर अस्पताल पहुंचाता है तो उसे 25,000 नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत मददगार व्यक्ति को किसी भी कानूनी परेशानी या पूछताछ का सामना नहीं करना पड़ता। आगर मालवा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। नाबालिग बच्चों को वाहन न दें, हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करें। सभी का सहयोग ही सड़क सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है।






---

दिगंबर जैन समाज के चातुर्मास में चल रहे धार्मिक प्रवचन

# संसार में धर्म के अलावा कोई शरण नहीं है : विवर्धन सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

**मनुष्य गति ही एक ऐसी गति है जिसमें हम तप आराधना कर सकते हैं और कोई गति में तप नहीं होता है। तपाचार के कारण कर्मों की निर्जरा भी होती है। संसार में धर्म के अलावा कोई शरण नहीं है। संसार में जितने भी जीव भटक रहे हैं वह भेद विज्ञान को न जानने के कारण भटक रहे हैं।**

दिगंबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ने यह बात समाज जनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने कहाकि ध्यान के द्वारा संसार की क्रियाओं को भी समाप्त किया जा सकता है। ध्यान कई प्रकार के होते हैं, संसार में भी ध्यान होते हैं। जो धर्म की ओर होता है, वहां धर्म ध्यान होता है। इष्ट वियोग एवं अनिष्ट संयोग का भी ध्यान होता है। आद्र ध्यान, रोद्र ध्यान संसार का हेतु है। धर्म ध्यान वैराग्य का हेतु है। आत्मा का भी ध्यान होता है। धीरे-धीरे ध्यान का अभ्यास करने से भगवान का ध्यान भी होने लगता है। आत्मा का भी ध्यान होने लगता है। संसार में जितने भी सिद्ध हुए हैं, वे ध्यान के बल से या भेद विज्ञान के बल पर ही हुए। उन्होंने कहा कि संसार में जितने भी जीव भटक रहे हैं वह भेद विज्ञान को न जानने कारण भटक रहे हैं। जैसे-जैसे संसार से प्रीति कम होती जाएगी। वैसे-वैसे आत्मा से प्रीति बढ़ती जाएगी। मुनिश्री ने अनुपेक्षा का संधि विच्छेद कर अर्थ बताते हुए कहा कि पेक्षा का अर्थ ध्यान व अनु का मतलब समीप ले जाना। जो हमको ध्यान के समीप ले जाय वह अनुपेक्षा कहलाता है।



आचार्य भगवन ने 12 प्रकार की अनुपेक्षा कही है। इनकी अलग-अलग व्याख्या भी की गई है। उन्होंने कहा कि संसार में जीवन अनित्य है, कोई भी वस्तु, पदार्थ शाश्वत नहीं है। कोई भी नित्य या स्थाई नहीं है। पहली अनुपेक्षा अनित्य भावना है। संसार में कोई भी शरण नहीं है, धर्म ही शरण है। संपूर्ण लोक कर्म वर्गनाओ से भरा हुआ है। शुभ भावों से कर्म बंधन कट जाते हैं। तपाचार के कारण कर्मों की निर्जरा भी होती है। मनुष्य गति में ही तप होता है और कोई गति में तप नहीं होता है। मुनिश्री ने कहाकि शास्त्र के प्रारंभ में नास्तिकता के परिहार के लिए मंगलाचरण किया जाता है यह हमारी आस्था का प्रतीक भी है। सृष्टि से अनादि काल से यहां है इसका कोई कत्ता नहीं है। भगवान तो वह है जो संसार से रहित हो गए हैं। जैन धर्म आस्तिक धर्म है, क्योंकि उसकी देव शास्त्र गुरु के प्रति श्रद्धा है।

---

# दोस्तों के साथ नदी में नहाने गए एक की डूबने से हुई मौत, दो सुरक्षित



**भैरुंदा।** थाना क्षेत्र लाड़कुई के संकोटा की सीप नदी में नहाने गए तीन दोस्त के साथ निवासी 21 साल के युवक अनुराग माहेश्वरी की नदी में नहाने के दौरान उसकी डूबने मृत्यु हो गई। हालांकि जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय व ग्रामीणों की भीड़ पहुंची और उसे बचाने की कोशिश की। इन्हे बाहर निकलते युवकं की जान जा चुकी थी। - दरअसल लाड़कुई गांव के निवासी 21 साल के युवक अनुराग माहेश्वरी अपने दो दोस्तो के साथ पड़ोस के गांव सनकोटा स्थित सीप नदी में नहाने पहुंचे। - नहाने के दौरान यह युवक एक गहरे पानी में चले गए और देखे डूबने लगा। दोनो दोस्त बचाने की कोशिश की लेकिन वह भी डूबने लगे तो वह सुरक्षित बाहर निकल आए - हालांकि ग्रामीणों ने इसे बचाने की कोशिश की मगर जब इन्हे बाहर निकाला गया तो इस युवकं की मौत हो चुकी थी - सूचना के बाद भैरूंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुप्रूत किया गया इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

खबर संक्षेप

## भीलआमला में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत कार्यशाला हुई



**चापडा।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत भीलआमला में भीलआमला सेक्टर की तीन पंचायत भीलआमला, गोपीपुर और खेड़ाखाल के कर्मचारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान जनजातीय गांवों में सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जनजातीय गांवों में विजन निर्माण कर शासन व्दारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने उद्देश्य को लिए 15 से 30 सितंबर तक समस्त विभागों के कर्मचारी घर घर जाकर, समुदाय को जोड़ने के साथ ही स्थानीय पर्यावरण का अवलोकन सहभागी तरीके से स्थानीय एवं सामाजिक आर्थिक जानकारी एकत्रित करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। गांव के संसाधनों, चुनौतियों और अवसर को समझने के साथ साथ समुदायों को विकास योजना में योगदान देने के सशक्त बनाने का एक प्रधान है। पंचायत विभाग की ओर से मास्टर ट्रेनर अनीता गवली, मास्टर ट्रेनर जवाहर पाटीदार, अनीता मालवीय, मंगल सिंह मण्डलोई सहित सभी विभागों की ओर से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव सोहन जाट, हरनाथ पवार, सुरेन्द्र सेंधव,भारत राठौड़, मुकेश यादव,दिनेश परिहार,स्नेहलता तोमर, सरपंच प्रतिनिधि बालराम मसानिया सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के संबंध में हुई अंतर्विभागीय बैठक

# जिला स्तर पर 500, विकासखंड स्तर पर 250 यूनिट रक्त संग्रहित करने दिए निर्देश

कलेक्टर ने अंतर्विभागीय बैठक में निर्देश दिए कि जिले में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारत सरकार द्वारा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धार जिले से 17 सितम्बर 2025 को किया जायेगा। अभियान के सफल क्रिन्वायन के संबंध में कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम आयोजन के संबंध में अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत देवास ज्योति शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजनी जेम्स बेक, सिविल सर्जन डॉ आर.पी.परमार, स्वास्थ्य विभाग के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम अधिकारी, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारीगण एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर, विशेषज्ञ चिकित्सा शिविरों का आयोजन तथा स्वैच्छिक रक्तदान जैसी गतिविधियां शामिल होंगी। अभियान के शीर्षक के अनुरूप यह गतिविधियां महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष रूप से केन्द्रित होंगी।सिंह ने जिला रक्तकोष अधिकारी जिला स्तर पर 500 यूनिट एवं विकासखण्ड स्तर पर 250 यूनिट रक्त संग्रहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वैच्छिक रक्तदान संस्थाओं, राजनैतिक संस्थाओं एवं नगर-निगम सहित अन्य विभागों से सम्पर्क करने के निर्देश दिये। उन्होनें अतिरिक्त लैब टैक्निशियन, आईस पैक, कैरियर बैक सहित परिवहन सम्बंधी सम्पूर्ण व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने अमलतास एवं रेडक्रास सोसाइटी को ब्लड स्टोरेज करने के निर्देश दिये। शिविर के दौरान इंडेक्स एवं अमलतास निजी चिकित्सालयों से समन्वय कर दांत की स्क्रीनिंग के उपरांत निःशुल्क क्लीनिंग एवं अन्य प्रक्रिया के लिए मरीजों को चिंहित कर भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने मानसिक रोगियों को चिंहित कर काउंसलिंग एवं उपचार हेतु जिला चिकित्सालय, अमलतास अस्पताल एवं उच्च रेफर संस्था में भेजने के निर्देश दिये। सिंह ने अभियान के दौरान जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर आयुष्मान शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये। जिसके तहत प्रति ग्राम पंचायत प्रतिदिन 25 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य आवंटित किया गया। उन्होंने कहा कि यदि एक दिवस में यह कार्य पूर्ण नही हुआ तो अगले दिवस शेष लक्ष्य की भी पूर्ति टीम द्वारा शत-प्रतिशत अर्जित करनी होगी। उन्होंने शिविरों में समस्त पीएचसी, सीएचसी, सिविल अस्पतालों और महाविद्यालयों में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाने के निर्देश दिये। जिला चिकित्सालय देवास में अभियान के दौरान 15 दिवस निरन्तर दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाने के निर्देश दियें। सिंह ने अभियान में समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उसे जन-आंदोलन का रूप देने के निर्देश दिये। इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ विशेष रणनीति कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। अभियान का शुभारम्भ जिला, विकासखण्ड एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर 17 सितम्बर 2025 को समारोह पूर्वक सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय शुभारम्भ कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय शुभारम्भ कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों, गणमान्यजन, वरिष्ठ नागरिक, गैर सरकारी संगठनों के सदस्यों को आमंत्रित करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने सिविल अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर के मध्य जागरूकता गतिविधियां तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सतत शिविर एवं जागरूकता गतिविधियां करने के निर्देश दिये। इन गतिविधियों में जन प्रतिनिधियों, अधिकारीगणों, नागरिकों व जनसमान्य की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाये। जिला और ब्लॉक स्तर पर सार्वजिक स्थानों पर और सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में बेनर और होर्डिंग्स लगाकर व्यापक प्रचार प्रसार करें।

## एनी टाइम बेकरी पर तहसीलदार और खाद्य विभाग की टीम ने शिकायत पर किया निरीक्षण

### पैकेज्ड दूध की बॉटल का लिया सैंपल



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के एबी रोड पर स्थित ऐनी टाइम बेकरी पर एक्सपायर्ड दूध बेचने का मामला सामने आया। हरिओम माली नाम के ग्राहक ने बेकरी से अनिक का फ्लेवर्ड दूध खरीदा। बोतल पर लिखी एक्सपायरी डेट देखने के बाद उन्होंने दुकानदार से आपत्ति जताई। ग्राहक का आरोप है कि जब उन्होंने एक्सपायरी डेट की बात कही तो दुकानदार ने इसे मानने से इनकार कर दिया और उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया। इसके बाद हरिओम ने अगले दिन खाद्य विभाग में इसकी शिकायत कर दी। शिकायत पर शुक्रवार को खाद्य विभाग और तहसीलदार की टीम ने बेकरी पर जांच की। तहसीलदार सपना शर्मा ने बताया कि दुकान में कोई भी एक्सपायर्ड प्रोडक्ट नहीं मिला। हालांकि शिकायतकर्ता के पास जो दूध की बोतल थी, उसे जब्त कर लिया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने पंचनामा बनाया है। अब जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शासकीय आवास में रेलवे कर्मचारी ने लगाई फांसी

**देवास।** रेलवे कर्मचारी जितेंद्र खंडार (30) ने रनायर स्टेशन के पास स्थित शासकीय आवास में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना गुरुवार रात करीब 9 बजे की है। जितेंद्र पिछले 15 सालों से रेलवे में ट्रैकमैन के पद पर कार्यरत थे। घटना की सूचना मिलने पर अन्य कर्मचारी उन्हें जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाली थाने के एएसआई रूपेश वायस्कर के अनुसार पुलिस मामले की जांच कर रही है। जितेंद्र की नियुक्ति की स्थिति और आत्महत्या के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। आज जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# स्व.अन्नपूर्णा जाजू के निधन पर परिवारजनों ने करवाया नेत्रदान, ताकि किसी को मिले रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



वैश्य महासम्मेलन एवं रोटरी क्लब भौरासा द्वारा चलाए जाने वाले नेत्रदान प्रकल्प से प्रेरित होकर स्व.अन्नपूर्णा जाजू भौंरासा के निधन होने पर उनके पति सत्यनारायण जाजू, पुत्र संजय एवं विजय जाजू की सहमति से नेत्रदान की स्वीकृति प्रदान की।

एमके इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर से निवेदिता गोयल व डॉ.सुमित ठाकुर की टीम ने आकर सफलतापूर्वक नेत्रदान करवाया। इस पुनीत कार्य में विशेष सहयोग समाजसेवी प्रकाश मंत्री, नितिन सारड़ा, प्रदीप मंत्री, प्रहलाद झंवर, रमेशचंद्र जाजू, रमेशचंद्र इनानी, घनश्याम लाहोटी, गोविंद बल्दवा,महेशचंद्र मंत्री, प्रमोद गट्टानी कांटाफोड़, शरद काबरा इंदौर, संतोष,गोविंद जाजू, मनीष चिचानी, मनीष लाहोटी, महेश बल्दवा, श्याम बजाज, पुरुषोत्तम भूतड़ा, मुकेश आशीष परतानी, अनिल मंत्री, रमेश हेड़ा, राहुल मुंदडा, राधेश्याम दिनेश जाजू,शाश्वत मुंदड़ा सहित सोनकच्छ नेत्रदान समिति प्रमुख हुकमचंद्र अग्रवाल, सत्यनारायण लाठी, सुरेशचंद्र मूंदड़ा ने का रहा। आई बैंक इंदौर द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस पुनीत कार्य की संपूर्ण नगर मे सरहाना की गई।

## नाले से मिला 35 वर्षीय मजदूर का शव, 4 दिन से लापता था

**देवास।** टोंकखुर्द थाना क्षेत्र के कराडिया गांव में शुक्रवार को एक नाले से मजदूर का शव बरामद हुआ है। शव की पहचान 35 वर्षीय दिनेश के रूप में हुई है। वह अपने घर में अकेला रहता था और पिछले 4 दिनों से लापता था। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। शव की स्थिति से अनुमान है कि मौत 4-5 दिन पहले हुई होगी। मृतक का शव पूरी तरह काला पड़ चुका था। एसपी जयवीर सिंह भदोरिया के अनुसार, वह मजदूरी का काम करता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# गांवों की गलियों से लुप्त हो गई संजाः आधुनिकता और मोबाइल के दौर में पुरानी संस्कृतियां लुप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



आधुनिक युग के दौर में पुरानी संस्कृतियां लुप्त होती जा रही है। इन दिनों हर गली मोहल्ले में संजा बनाई जाती थी, लेकिन आज के समय में युवतियों में संजा को लेकर रुचि नहीं दिखाई दे रही है।ग्रामीण क्षेत्र में भी नई पीढ़ी इन पुरानी संस्कृतियां से दूर नजर आ रही है। नई पीढ़ी गोबर को छूना तक पसंद नहीं करती है। पहले के समय घर की महिलाएं भी घर की बच्चियो को संजा बनाने के लिए प्रेरित करती थी, लेकिन आज के समय में परिवार के बुजुर्ग व बड़े भी युवतियों को प्रेरित नहीं करते हैं।

अब गांवों कि गली मोहल्लो की दीवारों पर संजा नजर नहीं आती है। जानकारी अनुसार संजा पर्व भाद्रपद माह के शुक्ल पूर्णिमा से पितृमोक्ष अमावस्या तक पितृ पक्ष में कुंआरी कन्याओं द्वारा मनाया जाने वाला पर्व है। यह पर्व मुख्य रूप से मालवा-निमाड़ सहित अन्य राज्यों में भी मनाया जाता है। संजा पर्व में श्राद्ध के सोलह ही दिन कुंवारी कन्याएँ शाम के समय एक स्थान पर एकत्रित होकर गोबर के मांडने मांडती हैं, और संजा के गीत गाती थी व संजा की आरती कर प्रसाद बांटती थी। सोलह ही दिन तक कुंवारी कन्याएँ गोबर के अलग-अलग संजा बनाती थी। हर दिन का एक अलग गीत भी होता थी। गणेश विसर्जन के दूसरे दिन यानी पूनम को किशोरियों की सखी-सहेली संजा मायके पधारती हैं। 'संजा' यानी स्मृतियों और आगत के अद्भुत संगम का पर्व। एक ओर पुरखों की यादें तो दूसरी ओर किशोरियों के मन में विवाह की कामना। योग्य वर की चाहत रखने वाली कुँवारी किशोरियाँ सृजन और विसर्जन के इस पर्व को पितृपक्ष के सोलह दिनों तक बड़े चाव से मनाती थी। संजा की सोलह पारंपरिक आकृतियाँ गोबर, फूल, पत्ती और पन्नियों से बनती है।संजा के दिनों में ताजे हरे गोबर को ढूँढने में बड़ी कठिनाइयों होती थी, पर जैसे ही गोबर मिल जाता था। प्रसन्नचित लड़कियों की खोजी निगाहें ढूँढती थी।

चाँदनी के दूधिया-सफेद, कनेर के पीले, गुलाबी और देशी लाल रंग के गुलाब के फूलों को। संजा के नाम पर कभी माँगकर, तो कभी चुराकर लाए गए फूलों और गोबर के मिलने पर असली कार्य शुरू होता था। घर की बाहरी दीवार के किसी कोने में पानी छिड़ककर छोटे-से हिस्से को गोबर से लीपा जाता था और इस पर पूनम को पाटलों, बीज को बीजारू, छठ की छाबड़ी, सतमी को सांतियो से लेकर अमावस्या तक के सोलह दिनों में पारंपरिक आकृतियाँ बनाई जाती थी। गोबर से उकेरी और फूलों से सजी आकृतियों को देखकर लड़कियाँ किसी कलाकार की तरह प्रसन्न होती थी। उनके सुमधुर कंठों से संजा के गीत फूट पड़ते थे। घेरदार घाघरा और गुलाबदार साड़ी पहनने वाली, गहनों से सजी, खीर-पूड़ी खाने की शौकीन, नाजुक सलोनी संजा कल्पना में तैरती थी। संजा को पूजती किशोरियाँ 'पेली आरती राई रमझोर' का जैसे ही अलाप लेती हैं तो पहले से ही चौकस बैठी लड़कियाँ घर से भाग छूटती थी। 'छोटी-सी गाड़ी गुड़कती जाए, गुड़कती जाए,जी में बैठ्या संजा बाई, घाघरो धमकाता जाए,चूड़लो छमकाता जाए,बई जी की नथड़ी झोला खाए,बताई दो वीरा पीयर जाए।' जेसे गीतों गली मोहल्ले शाम होते ही गुंज उठते थे। अब यह गीत सुनाई नहीं देते हैं। क्योंकि आज के समय में युवतियां इन सांस्कृतिक परंपराओं से कौषो दुर नजर आती है।

# विधायक जयवर्धन सिंह ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना, जल्द से जल्द भेजे सर्वे दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक, गुना जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयवर्धन सिंह का भोपाल से उज्जैन किसान न्याय यात्रा में जाने के दौरान युवा कांग्रेस नेता इरफान मदनी के नेतृत्व में स्वागत कर सोयाबीन की नष्ट फसल से अवगत करवाया गया, जिस पर सिंह ने कहा कि इस बार मध्य प्रदेश में अतिवर्षा से अलग अलग संभागों में काफी नुकसान हुआ है। विशेष कर मालवा में अति वर्षा से सोयाबीन की फसल लगभग नष्ट होने से किसानो में भारी आक्रोश है। इतनी तबाही के बावजूद मुख्यमंत्री और शासन के द्वारा अभी कोई भी लिखित निर्देश सर्वे करने के नहीं दिए गए हैं। हमारी शासन से मांग रहेगी कि तत्काल देवास कलेक्टर को आदेश दे और हर पंचायत में संगठित दल आर आई, पटवारी जाकर खेतों का सर्वे करें और किसान को उनकी नष्ट फसल का मुआवजा राशि दें। किसान इस बात से भी नाराज है मोदी जी के द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई थी फसल बीमा के जो आंकड़े सामने आ रहे है उनमें पिछले दस सालों में किसानों को प्रीमियम के रूप में चालीस हजार करोड़ रुपए दिए गए है लेकिन उसके बदले पांच दस हजार करोड़ रुपए किसान को मिले है। इसका मतलब है एक तरफ किसान ने जमा किए 40 हजार करोड़ ओर बीमा के रूप में एक हजार करोड़ लगभग मिले है। तीन हजार करोड रुपए निजी बीमा कंपनियों ने डकार लिए हैं जिससे बड़े-बड़े उद्योगपति मालामाल हो गए हैं। इस अवसर पर पूर्व सेवा सहकारी संस्था अध्यक्ष विजय सिंह ठाकुर, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पत्रकार अभय नागर, पार्षद अफजल मंसूरी, फजल उस्ताद, जुनेद खान, सैयद बाकर अली, अनवर पठान, तंजीम खान, शाकिर पठान, प्रवीण ठाकुर, सलमान पठान, सद्दाम ठेकेदार, जम्मू जागीरदार, अर्शिल शेख, इरशाद खान, फुरकान मदनी आदि उपस्थित थे।

### किसान संघ ने विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार को दिया ज्ञापन

# फसल कटाई प्रयोग से ही बीमा का हो आकलनः संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



किसानों ने गुरुवार को तहसीलदार नीरज प्रजापती को किसानों की विभिन्न समस्याओ को लेकर ज्ञापन दिया, जिसके माध्यम से मांग की गई कि हाटपिपल्या माइक्रो उद्धवहन सिंचाई योजना शीघ्र चालु की जाए, पिछले वर्ष खराब सोयाबीन का मुवावजा दिया जाए। किसानों को एनपीके 12-32-16 खाद, यूरिया, पोटाश डी ए पी की शीघ्र व्यवस्था हो।प्रधानमंत्री फसल बीमा में सेटेलाइट पद्धति बन्द हो। समर्थन मूल्य पर सभी फसलों की खरीदी हो। सोयाबीन खरीदी का पंजीयन शुरू हो। इस वर्ष भी क्षेत्र में सोयाबीन फसल पर फिर संकट गहराने लगा है। अभी 70 दिन की सोयाबीन हुई है। जो वायरस की चपेट में है जबकि 90 से 95 दिन में फसल पककर तैयार होती है वह अभी से खराब हो रही है। इन विषयों को लेकर तहसीलदार नीरज प्रजापती को ज्ञापन सौंपा गया। पिछले वर्ष सर्वे दल ने खेतों में पहुंचकर पंचनामा रिपोर्ट बनाई थी, जिसमें लगभग 80%नुकसानी आंकी गई थी, लेकिन आज तक मुआवजा नहीं मिला। मुख्य रूप से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सैटेलाइट पद्धति पूर्ण रूप से गलत है, क्योंकि सेटेलाइट का सही सर्वे नहीं हो रहा है। इससे फसल बीमा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। किसानों की मांग है फसल कटाई प्रयोग से ही बीमा का आंकलन हों।

भूमि अधिग्रहण में राजस्थान, गुजरात, दिल्ली की तरह चार गुना मुआवजा दिया जाए। जरूरी हो तो भूमि का अधिग्रहण हो आयात निर्यात निति में सुधार हो। कृषि साधनों पर जीएसटी पूर्ण रूप से खत्म हो। इस अवसर पर प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार, जिला अध्यक्ष हुकम पटेल,जिला उपाध्यक्ष नारायण मंडलोई, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख राकेश जाट, चम्पालाल मुकाती, तहसील अध्यक्ष अनिल पाटीदार, तहसील मंत्री सतीश प्रजापत, रवि यादव, देवकरण यादव, रमेश यादव, डालुराम भाटी,कमल नागर कैलाश पाटीदार, विक्रम सिंह उदावत, बने सिंह नारायण, कुमेर सिंह, इंदर सिंह सभी गांव से किसान उपस्थित रहे।

## प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को बांटी स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



टोंकखुर्द के उत्कृष्ट विद्यालय में गुरुवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें टोंकखुर्द विकासखंड के शासकीय विद्यालयों मे कक्षा बारहवीं मे सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 21 प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मंडलोई ने मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत स्कूटी वितरित कीं।

कक्षा 12वीं में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा पल्लवी मालवीय, दानिश शाह,हर्ष सिसोदिया,दीपक चौधरी, देवेंद्र, गायत्री, जितेंद्र परमार, पायल पटेल, कुलदीप पटेल, अंकित रेवाल, सलोनी पटेल, कृष्णा मंडलोई, लक्ष्मी शिंदे, विवेक सिसोदिया, ऋषिका राठौर, राजपाल सिंह सोलंकी, आरती,रामबाबू गुर्जर, कशिश नागर, देवेंद्र कुशवाह, सिमरन को मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार स्कूटी प्रदान की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मंडलोई ने अपने उदबोधन में कहा कि इस तरह के पुरस्कार छात्र-छात्राओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं। इससे वे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। इस अवसर पर रविन्द्र सिंह गौर, ओम प्रकाश धाकड़, दिलीप मालवीय, प्राचार्य अंबिका सोमानी विकासखंड शिक्षा अधिकारी जगन्नाथ धामेचा, रणधीर सिंह खींची, हिमरत सिंह तोमर, अनार सिंह ठाकुर अर्चना प्रजापति अखिलेश पटेल मुकेश पटेल समीर अली सैयद, जितेंद्र मालवीय, नारायण सिंह मालवी, सारिका मोदी, फरहाद कुरैशी सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

खबर संक्षेप

### ट्रैक्टरों से बैटरी चोरी

**ललितपुर**। थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम कटीला निवासी आजाद पुत्र सुरेश राजपूत ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 09 सितम्बर की रात उसका महिन्द्रा कम्पनी का ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा हुआ था। आरोप है कि अज्ञात चोरों ने उसके ट्रैक्टर में लगी करीब 7 हजार रुपये कीमत की बैटरी, ग्राम प्रधान राजू पुत्र सियाराम कंधारीकलां के ट्रैक्टर से भी बैटरी चोरी कर ली। पुलिस ने आजाद की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 20 तक

**ललितपुर**। आईटीआई नोडल प्रधानाचार्य ने बताया कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में आईटीआई ललितपुर, महरौनी, पाली एवं मड़ावरा में चतुर्थ चरण के प्रदेश के उपरान्त रिक्त सीटों के सापेक्ष सत्र अगस्त 2025 में अन्तिम चरण के प्रवेश हेतु पूर्व पंजीकृत एवं नवीन पंजीकरण करने हेतु अभ्यार्थियों से 20 सितम्बर 205 तक ऑनलाइन विकल्प एवं नवीन आवेदन मांगे गये है। ऐसे गैर चयनित एवं पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि वह परिषद की विभागीय वेबसाइट पर सिद्धान्त के प्रवेश हेतु रैंक का प्रिंट आउट प्राप्त कर एवं सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ प्रत्येक दशा में आईटीआई ललितपुर, महरौनी, पाली, मड़ावरा में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। प्रवेश की अन्तिम तिथि 20 सितम्बर की सायं 5 बजे तक होगी।

### खाद्य प्रसंस्करण, स्वरोजगार प्रशिक्षण संपन्न

**ललितपुर** । प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र खिरियामिश्र विकास खण्ड-बिरधा में मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें 30 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया जिनको खाद्य संरक्षण साहित्य एवं अन्य सामग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित डा. दिनेश चन्द्र उपाध्याय, प्रधानाचार्य खाद्य विज्ञान, झाँसी ने दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण योजना की प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण के उपरान्त स्वरोजगार हेतु सूक्ष्म इकाई स्थापना कर रोजगार कैसे प्राप्त करें इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया सूक्ष्म इकाई स्थापना हेतु बैंक से ऋण पर विभाग द्वारा रू. 1.00 लाख का अनुदान दिया जायेगा। मुकेश चन्द्र वरिष्ठ वैज्ञानिक, के.वी.के. ललितपुर प्रशिक्षण में उपस्थित रहें उन्होंने प्रशिक्षार्थी को इकाई स्थापना में खाद्य सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी दी। डा. लक्ष्मीकान्त मिश्रा, प्रोफेसर नेहरू महाविद्यालय (उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण) ने प्रशिक्षार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण की उपयोगिता एवं महत्व की जानकारी विस्तृत रूप से दी। डा. सरिता देवी ने खाद्य प्रसंस्करण के विज्ञान एवं उसके जीवन पर होने वाले लाभकारी प्रभाव की जानकारी दी। राजेन्द्र कुमार, जिला उद्यान अधिकारी, ललितपुर ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम उपरान्त प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

### तेरहवीं नहीं, शोकसभा सेरवास में 18 को

**ललितपुर**। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की एक बैठक का आयोजन कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मुन्नासिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार पूर्व प्रधान सेरवास के छोटे भाई सुरेंद्र सिंह परमार के निधन पर एवं मकुन्द सिंह तोमर तिसगना के सुपुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह तोमर के निधन पर एवं रामसिंह बैस तेरा के पिताजी रघुवीर सिंह लम्बरदार के निधन पर एवम नारायण सिंह परिहार पूर्व प्रधान गौना के भतीजे ब विक्रम सिंह परिहार के पिताजी देवेंद्र सिंह परिहार पूर्व प्रधान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार ने कहा कि मृतक भोज के स्थान पर श्रधांजलि सभा होनी चाहिए। इसलिए में अपने सगे भाई की श्रधांजलि सभा करूंगा। अतएव जनपद के समस्त क्षत्रियजन से 18 सितंबर को इस श्रद्धांजलि सभा में पहुंचने का आह्वान किया गया।

---

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से शिक्षकों में रोष, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

# बेसिक शिक्षकों पर दिए निर्णय को अध्यादेश लाकर संशोधित करने की मांग उठाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उप्र जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष पं.योगेश त्यागी के आह्वान पर महामंत्री नारायण दास के नेतृत्व में प्रधानमंत्री व मानव संसाधन विकास मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए प्रेषित किया गया। ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर को शिक्षक पात्रता परीक्षा के विषय मे देश के बेसिक शिक्षकों के सम्बंध में दिए गए निर्णय पर अध्यादेश लाकर संशोधित किये जाने की मांग उठायी गयी। बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सेवारत शिक्षकों को जिनकी सेवा अवधि 5 वर्ष से अधिक है। उनको शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के आदेश दिए गए हैं। जबकि उसी आदेश में 03 सितंबर 2001 तक के नियुक्त शिक्षकों को मुक्त किये जाने की बात कही गयी है। साथ ही आदेश के अन्य भाग में 23 अगस्त 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त की बात की गई है। साथ ही आदेश में यह भी कहा गया है कि शिक्षा अधिकार अधिनियम तथा संशोधित अधिनियम 10 अगस्त 2017 के अनुसार सभी देश के सभी बेसिक शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण किया जाना है। इन स्थितियों से देश तथा उत्तर प्रदेश का बेसिक शिक्षक नौकरी जाने के भय से परेशान एवं अवसाद ग्रस्त हो रहा है। जबकि देश तथा प्रदेश में सेवारत सभी बेसिक शिक्षक तत्समय विभाग द्वारा निर्धारित सेवा शर्तों एवं योग्यता को पूर्ण करते हुए नियुक्त किया गया था।

### पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा में लाना उचित नहीं

शिक्षक पात्रता परीक्षा एनसीटीई द्वारा 23 अगस्त 2010 को अधिसूचना जारी की गई एवं शिक्षा अधिकार अधिनियम 2011 में लागू किया गया। ऐसी स्थिति में उपरोक्त अधिसूचनाओं के पूर्व नियुक्त शिक्षको को शिक्षक पात्रता परीक्षा में लाना उचित नहीं है। ऐसी स्थिति में जब 23 अगस्त 2011 के पूर्व नियुक्त बेसिक शिक्षक शिक्षक पात्रता परीक्षा में निर्धारित शर्तों के अनुसार आवेदन ही नहीं कर सकेगें तो फिर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन किस प्रकार सम्भव हो सकेगा। देश के लगभग 40 लाख तथा उत्तर प्रदेश के करीब 04 लाख बेसिक शिक्षको को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा और भुखमरी की कगार पर पहुंच जायेंगे। शिक्षकों ने प्रधानमंत्री से 23 अगस्त 2011 के पूर्व तत्समय निर्धारित आहर्ता को पूर्ण करते हुए नियुक्त शिक्षकों को अध्यादेश लाकर कानून में संशोधन कर शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त कर देश के लगभग 40 लाख परिवारों की रक्षा करने की मांग उठायी। इस दौरान जिलाध्यक्ष नीरज कुमार चतुर्वेदी, महामंत्री नारायण दास, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार तिवारी, जिला मंत्री प्रमोद सैनी, जिला मीडिया प्रभारी दीपक नामदेव, रमेशचंद्र, धर्मेन्द्र उपाध्याय, वेदराम प्रजापति, प्रदीप मिश्रा, अनूप दुबे, महेश वर्मा, राजीव बाजपेई, यासीन खा, राजेश जायसवाल, जसबन्त सिंह, संजीव त्रिपाठी, प्रदीप सोनी, हरिशंकर सोनी, सुनील कुमार, पुष्पेन्द्र रावत, राजपाल सिंह तोमर, महेश चौहान, कमलाकांत राही, धर्मेन्द्र पुरोहित, पार्थसारथी गोस्वामी, चन्द्रभूषण तिवारी, महेश साहू, राजाभैया गौतम, रावेन्द्र यादव, राघवेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

---

धनात्मक ऊर्जा का संचार होगा

# रेड क्रॉस सोसाइटी ने टीबी मरीजों को आहार किट बांटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला क्षय रोग नियंत्रण केन्द्र में वर्तमान में उपचार प्राप्त कर रहे क्षय रोगियों के पोषण हेतु टीबी मरीजों को पोषण आहार किटे वितरित की गयीं। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ एसपी पाठक ने कहा कि यह एक पुनीत कार्य है और पोषक आहार मिलने से टीबी मरीज जल्द ठीक होने लगते हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है इससे समाज में बहुत ही धनात्मक ऊर्जा का संचार होगा उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास है कि क्षय रोगी जल्दी से स्वस्थ हों और स्वस्थ होकर अन्य लोगों की भांति समाज की मुख्य धारा में जीवनयापन कर सकें। डॉ आर एन सोनी जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि अधिक से अधिक क्षय रोगियों का चिन्हित कर उन्हें उपचार पर लाना है ताकि वर्ष 2025 में भारत को टीबी मुक्त बनाने के अभियान को और अधिक गतिशील किया जा सके। डॉ0 धीरेन्द्र वैध उप जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि मरीज अपने मुंह पर मास्क अवश्य लगायें इससे अन्य लोगों को टीबी के संक्रमण से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ आर एन सोनी , डॉ एमएस तोमर, डॉ अजय जैन, डॉ शशांक पाठक, डॉरअनूप श्रीवास्तव, डॉ सुजीत त्रिपाठी, डॉ सनद मोदी उप संरक्षक राजेश लिटौरिया, जिला प्रभारी रेडक्रॉस सोसायटी अजय बरया, उपस्थित रहे ।

---

शैक्षणिक भ्रमण के जरिये छात्रों ने स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति प्रक्रिया देखी

# नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने किया जल उपचार संयंत्र का अवलोकन

**ललितपुर** । नमामि गंगे कार्यक्रम के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए समय समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते है 'इसी क्रम में जिला गंगा समिति द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय कडेसरा कलां के छात्र छात्राओं को कडेसरा कलां में स्थित जल जीवन मिशन के जल उपचार संयंत्र का भ्रमण कराया गया ' शैक्षणिक भ्रमण के जरिये छात्रों ने स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की पूरी प्रक्रिया देखी अवर अभियंता प्रमोद धानुक ने बच्चों को पानी को शुद्ध करने की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि नदियों या झीलों से आने



वाला गंदा पानी कैसे विभिन्न चरणों - जैसे स्क्रीनिंग, सैडिमेंटेशन, फिल्ट्रेशन और क्लोरीनीकरण से गुजरकर हमारे घरों तक पीने योग्य पानी बनकर पहुँचता है। इस अवसर पर डीएफओ गौतम सिंह ने कहा कि फील्ड विजिट से बच्चों ने न केवल तकनीकी प्रक्रिया को समझा, बल्कि यह भी जाना कि पानी की बर्बादी क्यों नहीं करनी चाहिए ' परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने बताया कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पाठ्य पुस्तकों से हटकर व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना और जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। भ्रमण के अंत में, संयंत्र के अधिकारियों ने बच्चों के साथ संवाद सत्र भी आयोजित किया, जहाँ उन्होंने जल संरक्षण के तरीकों पर चर्चा की। क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रभु दयाल यादव, वन दरोगा पवन कुमार, वन रक्षक रंजना बाजपेयी, प्रधान अध्यापिका शैला नन्दन, सहायक अध्यापक मदन मोहन सिंह मौजूद रहे।

---

स्वास्थ्य ईकाइयों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 17 से, महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

महिलाओं के स्वास्थ्य, की परिवार के सशक्तीकरण, समुदाय एवं राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका है। जिसके क्रम में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 गांधी के जयन्ती तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित पोषण माह के साथ समन्वय करते हुए आयोजित किया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत प्रदेश में समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) एवं अन्य स्वास्थ्य इकाईयों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिसमें विशेषज्ञ सेवाएं भी शामिल हैं।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान पखबाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों में उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच, ओरल कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच, किशोरियों और महिलाओं के लिए एनीमिया की जांच, परामर्श एवं उपचार, उच्च जोखिम वाली महिलाओं के लिए टीबी की जांच आदि शामिल हैं। 1 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस (एनवीबीडीडी) है, जिसके अन्तर्गत एक मेगा कैंप आयोजित किया जायेगा। प्रसव पूर्व देखभाल (ए.एन.सी.) जांच एवं परामर्श के साथ एम.सी.पी. कार्ड का वितरण, बच्चों के लिए टीकाकरण सेवाएं, किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के सम्बन्ध में जागरूक किया जायेगा। इसके लिए ग्राम स्तर, ब्लाक स्तर/जनपद स्तर पर जागरूकता रैली, स्कूलों में जागरूकता सत्र एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जायेगी।

---

निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों के साथ त्रैमासिक बैठक आयोजित

# पहली बार बन रहे मतदाताओं के साथ दिव्यांग मतदाताओं का भी पंजीकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सभागार, कलेक्ट्रेट, में आयोजित त्रैमासिक बैठक का कार्यवृत्त आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग मतदाताओं के कल्याणार्थ जनपद स्तरीय की जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों के साथ त्रैमासिक बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों के द्वारा प्रतिभाग किया गया :-राजेश कुमार श्रीवास्तव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, ज्ञानेन्द्र विक्रम, अपर उप जिलाधिकारी समर सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार मौर्य, प्रधान सहायक, जिला निर्वाचन जावेद खान, वरिष्ठ सहायक, जिला निर्वाचन कार्यालय राजेन्द्र प्रसाद, कर निर्धारण अधिकारी, नगर पालिका परिषद सुरजीत कुमार मौर्य, प्रतिनिधि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुमित कुमार गुप्ता, कनि० सहायक जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, आरती मौर्य, सचिव, नारायण शैक्षिक एवं पुनर्वास समिति, वीके पाल, प्रभात सेवा समिति। उपरोक्तानुसार दिव्यांग मतदाताओं के कल्याणार्थ आयोजित की गई त्रैमासिक बैठक में सर्वप्रथम समिति के उपस्थित सदस्यों से परिचय प्राप्त किया गया। तदोपरान्त उप जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा ऊटउअए के समस्त उपस्थित सदस्यों /44 को, प्रतिनिधियों को दिव्यांग मतदाताओं के कल्याणार्थ बैठक हेतु आयोग द्वारा निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार तैयार एजेण्डा के सम्बन्ध में बिन्दुवार विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान जनपद के 18+ आयु वर्ग के समस्त दिव्यांगजनों के नाम मतदाता सूची में शत प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिये समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### कमेटी के सदस्यों को जानकारियों से अवगत कराया गया

अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में उपस्थित कमेटी के सदस्यों को अवगत कराया गया कि निर्वाचक नामावली के आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण के अवसर पर मतदाता सूची में सम्मिलित समस्त दिव्यांग मतदाताओं का बीएलओ के माध्यम से मतदेय स्थलवार भौतिक सत्यापन कराये जाने एवं ऐसे वास्तविक दिव्यांग मतदाता, जिनकी ईआरओ नेट में अब तक मैचिंग नहीं की गयी है, सत्यापनोपरान्त उनकी ई०आर०ओ० नेट पर प्राथमिकता से मैपिंग कराई जाने हेतु सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिये गये। फार्म-6 के माध्यम से नवीन पंजीकरण के समय दिव्यांगता की दशा में उसकी दिव्यांगता की श्रेणी सहित अनिवार्य रूप से आवेदन पत्र में उल्लेख किये जाने हेतु समिति के समस्त सदस्यों से अनुरोध करते हुये समस्त बी०एल०ओ० को सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी / नोडल अधिकारी दिव्यांगजन, ललितपुर को निर्देश दिये गये कि उनके विभाग में जिन दिव्यांगजनों को पेंशन की सुविधा प्रदान की जा रही है उनकी तहसीलवार सूची बनायी जाये जिसमें प्रत्येक पेंशनर के सम्मुख उन्हें जारी मतदाता पहचान पत्र का नम्बर अंकित कर उसकी सूची एवं दृष्टिवाधित मतदाताओं को चिन्हित कर उन्हें ब्रेल लिपि में साक्षर कराते हेतु उसकी सूची अविलम्ब जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। जनपद के समस्त मतदान स्थलों वाले विद्यालयों में सुगम्य एवं रैलिंग युक्त रैम्प की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं विद्यालयों में स्वीप गतिविधियों हेतु गठित ई०एल०सी० के माध्यम से दिव्यांग मतदाताओं के पंजीकरण सुनिश्चित करने हेतु जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में प्रतिभाग न करने वाले सदस्यों के प्रति अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये आगामी बैठकों में शत-प्रतिशत समिति के सदस्यों को उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के अन्त में समिति के उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए जनपद के समस्त दिव्यांगजनों के नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीकृत कराने एवं सम्मिलित नामों के सत्यापन की कार्यवाही में अपेक्षित सहयोग की अपील के साथ बैठक समापन, की घोषणा की गयी।

---

पानी पिलाने के लिए गाड़ी रोकी थी

# कोर्ट से जिला कारागार लाते वारंटी पुलिस की गिरफ्त से हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

महरौनी कोर्ट से जिला कारागार लाते समय एक वारंटी पुलिस अभिरक्षा से भाग निकला। घटना रात ग्राम मसौरा के पास हुई। आरोपी देवेंद्र पुत्र प्रकाश जोशी ने रास्ते में पानी पिलाने के लिए गाड़ी रुकते ही आरक्षी को धक्का दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। मिली जानकारी में बताया कि मूल मामला अपराध संख्या 799/16, धारा 379, थाना बानपुर का है, जिसमें वारंटी के रूप में अदालत में पेश, जेल रवाना करते समय फरारी की। बताया जा रहा है कि आरक्षी सोनू ठाकुर जो कि अभियोजन कार्यालय कोर्ट महरौनी में तैनात हैं, वह आरोपी मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ निवासी देवेन्द्र पुत्र प्रकाश जोशी को जिला जेल ललितपुर ले जा रहे थे। ग्राम मसौरा के पास मानवीय आधार पर पानी पिलाने के लिए गाड़ी रोकी गई। उसी दौरान देवेंद्र ने तेज धक्का देकर भागने की कोशिश की। पीछा किया गया, पर आरोपी हाथ नहीं आया। प्रकरण में बताया गया कि घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गयी। जिसके तहत एफआईआर 11 सितंबर की रात 11.37 बजे दर्ज हुई। विवेचना उपनिरीक्षक जोगेंद्र सिंह को सौंपी गई है। घटना के बाद थाना ललितपुर पुलिस ने इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया। मामला गंभीर मानकर वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी गई। आमजन से अपील की गयी कि संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत सूचना दें। पुलिस का कहना है कि जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद है। मामले को लेकर यात्रा के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल और अभिरक्षा मानकों पर सवाल उठे हैं। आरोपी का हुलिया सार्वजनिक होते ही खोज में तेजी आ सकती है।

---

एक दिवसीय आयोजन हुआ

# रोजगार मेला में 104 बेरोजगारों युवाओं को मिला रोजगार

**ललितपुर**। जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में राजकीय इण्टर कॉलेज,में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन हुआ। रोजगार मेले में उपस्थित हुए छात्र-छात्राओं का प्री-प्लेसमेण्ट एवं कॅरियर काउन्सिलिंग भी करायी गयी। जिसके प्रारम्भ में संस्थान के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया श्रीमती आकाँक्षा यादव, जिला रोजगार सहायता अधिकारी, ने रोजगार मेले में उपस्थित छात्र/छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की तथा अपनी योग्यतानुसार कम्पनियों का चयन कर रोजगार मेले में लाभान्वित होने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में पधारे काउन्सलर अमित शुक्ला ने अभ्यर्थियों को उनके उज्वल भविष्य हेतु रोजगार के विभिन्न आयामों की सम्भावनाओं से परिचित कराया गया।रोजगार मेले में कम्पनियों द्वारा कुल 158 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार उपरान्त कुल 104 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के प्रवक्ता एवं मंच संचालक द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। सेवायोजन कार्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुये संस्थान की ओर से अनुरोध किया गया कि कॉलेज में भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन करते रहना चाहिए।

---

प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने गुरु गौरव सम्मान से किया शिक्षकों को सम्मानित

# राष्ट्र निर्माण में गुरुजनों का सम्मान जरूरी: विधायक

**ललितपुर**। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ललितपुर के तत्वाधान में आयोजित गुरु गौरव सम्मान समारोह में पहली बार शहर के 1350 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं ह्वशिक्षक विधायक मान सिंह यादव रहे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय पदाधिकारी शकुंतला कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, नगर शिक्षा अधिकारी नीतू वर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक कैलाश नारायण डयोढ़िया, संतोष तिवारी तथा श्री वर्णी जैन इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार श्रीवास्तव, गन्दर्भ सिंह राजपूत एवं ज्योति सिंह राजपूत की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा गुरु ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। यदि समाज को सशक्त और राष्ट्र को महान बनाना है तो गुरुजनों का सम्मान करना होगा। शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन संभव है और ऐसे आयोजनों से शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है। उन्होने कहा कि एसोसिएशन द्वारा आयोजित गुरू गौरव सम्मान कार्यक्रम में आकर आपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। शिक्षक विधायक मान सिंह यादव ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता हैं। उनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी भविष्य की राह पाता है। आज जब समाज को मूल्यों और



संस्कारों की आवश्यकता है, तब गुरु की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। इस प्रकार का आयोजन शिक्षकों की गरिमा को और ऊँचाई प्रदान करता है। उन्होने एसोसिएशन के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि विद्यालयों एवं प्राईवेट विद्यालयों के शिक्षकों की किसी भी समस्या के लिये वे हमेशा तैयार है विद्यालयो की हर समस्या के निदान के लिए उनके साथ रहेंगे और समाधान का पूरा प्रयास करेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा हमारा लक्ष्य है कि जनपद के प्रत्येक निजी विधायक तक पहुचे और उन्हें एसोसिएशन से जोड़कर शिक्षा की गरिमा को और ऊँचाई प्रदान करें। कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी प्वाइंट पर सम्मनित शिक्षकों ने अपनी फोटू अपने मोबाइल में कैद कर आयोजन का आनन्द उठाया जो आकर्षण का केंद्र रहा।आयोजन की सफलता में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के संरक्षक मंडल, मार्गदर्शक मंडल, पदाधिकारीगण एवं सदस्य प्रबंधकों का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद पं0 जय शंकर प्रसाद द्विवेदी ने किया कार्यक्रम में संरक्षक किशोर मैथ्यू, सनत कुमार जैन खजुरिया, संजय श्रीवास्तव, गुलाम मुहम्मद गामा, अक्षय अलया, हाकिम सिंह, ध्यान सिंह, अजय जैन साइकिल, सर्वदेव तिवारी, ध्रुव साहू, विजय सिंह यादव, रवि शंकर राठौर, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, राजेन्द्र सिंह यादव, राजेश दुबे, अमन द्विवेदी,अजय बरया, सुनील शर्मा, अरूण देवलिया, राधवेन्द्र सिंह नाराहट, सतीश पुरोहित, जगदीश द्विवेदी, मु. इसरार, शिशुपाल सिह, मु बसीम खजुरिया, आकाश मसीह, प्रमोद लाल, श्रेयश डियोढिया, उत्कर्ष श्रीवास्तव, शोहिल खान, कपिल कुमार, राम बाबू राजपूत, मोहन सैनी, परवेज इकबाल, जगदीश कटारे, राहुल राठौर, अनामिका शर्मा,मधु साहू, माधुरी शर्मा, प्रियंका द्विवेदी, विवेक तिवारी, बिहारी लाल सविता, बृजेन्द्र राजपूत, साक्षी साहू, हिमांशु राठौर, राकेश श्रीवास्तव, बृजेश राजपूत, राजेन्द्र सिंह नव प्रभात, अरूण ताम्रकार, अमर विश्वकर्मा जमौरा, संजीव शर्मा तालबेहट, वीरेन्द्र सिंह पटेल महरौनी, रामसेवक बार, अवतार सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। आभार एसोसिएशन के महामंत्री ध्रुव साहू ने किया।

आतंकी वाट्सएप ग्रुप पर जुड़े होने के कारण दिल्ली स्पेशल सेल ने लिया 12 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर

# आईएसआईएस का संदिग्ध आतंकी या फिर पैथालॉजिस्ट है कामरान!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

परिवार का सबसे छोटा बेटा जिस पर परिवार को चलाने की जिम्मेदारीयां हो वह पैथालॉजी पर ब्लड सेंपल कलेक्शन के साथ साथ टैली का काम कर किसी तरह अपने परिवार को चला रहा था। परंतु वह कब देश और कैसे वाट्सएप ग्रुप पर देश के संदिग्ध आंतकवादियों की श्रेणी में आ गया यह आश्यर्च की बात है। बुधवार को शहर में आई दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने प्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर से इस्लामिक स्टेट ऑफ सीरिया से जुड़े संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। सिटी टीआई वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि दिल्ली पुलिस की टीम ने बुधवार को बताया कि दिल्ली में एफआईआर क्रमांक 240/25 पर शहर के संदिग्ध कामरान का नाम है। इसी क्रम में शहीद कॉलोनी से कामरान कुरैशी को पकड़ कर पूछताछ की गई। बता दें कि कामरान पर आम्र्स एक्ट से जुड़ा मामला सामने आया था।



### देवास से ब्यावरा आकर रहने लागा था परिवार

संदिग्ध के पिता देवास के रहने वाले थे। यहां पर 1987 में पिता की शादी ब्यावरा हुई और उसके बाद में 1988 में देवास से साउदी अरब चले गए। साउदी अरब में 1 साल काम करने के बाद देवास आए और लोहे ही अलमारी बनाने का काम डाला। किसी कारण के चलते वह काम ज्यादा दिन नहीं चल पाया और 1999 में ब्यावरा आए यहां पर तभी से निवासरत है। यहीं पर कृषि मंडी रोड पर डेंटिंग पेंटिंग का काम कर रहे हैं। इनके 4 बच्चे हैं जिनमें 2 बेटे और 2 बेटियां हैं। सबसे छोटा कामरान है। शिक्षा इसने ब्यावरा से प्राप्त कर टेली का कोर्स किया। उसके बाद इंडियन पैथालॉजी पर काम कर रहा है। ऑल्ड एबी रोड पर अकबर बिल्डिंग के सामने काम कर रहा था जहां ब्लड सेंपल कलेक्टिंग का काम करता था।

### 4 राज्यों से 5 संदिग्धों को किया गया है गिरफ्तार

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को आईईडी बनाने में इस्तेमाल होने वाला विस्फोटक सामान बरामद होने के चलते देश भर के 4 राज्यों से 5 लोगों की गिरफ्तारी की गई है जिसमें से 1 ब्यावरा का कामरान है। जबकि अन्य संदिग्ध आतंकियों में 2 दिल्ली, 1 तेलंगाना,1 हैदराबाद और 1 ब्यावरा से है।

दिल्ली पुलिस का दावा है कि ग्रुप सांप्रदायिक नफरत फैलाने का काम प्राथमिकता से करता है। ग्रुप के हेड दानिश को रांची से पकड़ा गया है यह मोस्ट वांटेड अपराधी बताया जा रहा है। अब जैसे जैसे जांच आगे बढ़ेगी तो वैसे ही परतें खुलती जाएंगी। ब्यावरा के कामरान सहित जो पांच संदिग्ध आतंकी पकड़े गए हैं उनके पास से सोडियम बाईकार्बोनेट, सल्फर पाउडर, नाईट्रिक एसिड, सल्फ्यूरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड, सर्किट वायर सहित बम बनाने में प्रयुक्त होने वाले ऐसे ही अन्य सामान एवं उपकरण भी बरामद किए गए हैं।

### दिनभर रहस्य बना रहा कामरान की कस्टडी शाम को बताया की ले गई दिल्ली पुलिस

**ब्यावरा।** शहर की शहीद कॉलोनी से बुधवार सुबह करीब 6 बजे कामरान को अरेस्ट कर पूछताछ के नाम पर ले जाया गया। परंतु दिन भर इस बात के कयास ही लगाए जाते रहे की बाहर की कोई पुलिस टीम ने अरेस्ट किया है तो कोई बोला की बदमाश उठा ले गए परंतु फिर शाम को 7 बजे के आसपास सिटी पुलिस थाने में कामरान को लाया गया और विधिवत उसे दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा ले जाया गया। बताया जा रहा है कि दिल्ली पुलिस सेल द्वारा अपराध क्रमांक 240/15 धारा 25 आम्र्स एक्ट बीएनएस की धारा 61/2 में मामला पंजीबद्ध किया गया है।

### पाकिस्तान से जुड़े इन आतंकियों के तार

दिल्ली पुलिस के अनुसार ये लोग एक पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में थे। उसने इन्हें खिलाफत मॉडल अपनाने को कहा था। इन्हें हमलों के लिए ठिकाना खोजना था। साथ ही अन्य युवकों को भी इससे जोड़ने का टास्क दिया गया था। यह मॉड्यूल आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया) से प्रेरित था और केमिकल बमों के जरिए बड़े हमले की प्लानिंग इनके द्वारा की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि फिलहाल सभी गिरफ्तार आंतकियों से पूछताछ की जा रही और पुलिस को इस मॉड्यूल से जुड़े और भी सुराग मिलने की उम्मीद है।

### आतंकी वाट्सएप ग्रुप पर जुड़ा होना पड़ा महंगा

देश के अलग अलग राज्यों से वाट्सएप ग्रुप पर जुड़े हुए संदिग्ध टेरेरिस्ट के सदस्य होने के संदेह के कारण कामरान को पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि अखिल भारतीय आतंकी माड्यूल द्वारा युवाओं को आईएसआईएस आंतकी संगठन की तर्ज पर काम करने की सोच रखता था जिसके चलते दिल्ली पुलिस ने उठाया।

### दिल्ली स्पेशल सेल की 12 दिन की रिमांड पर भेजा

सूत्र बताते हैं कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कामरान को कोर्ट के आदेश के बाद 12 दिन की रिमांड पर ले लिया है। जिससे बहुत से मामलों में इससे पूछताछ किया जाना है।

# जिले की 623 पंचायतों के जीआरएस को 2 माह से नहीं मिला वेतन

## मानदेय सहित अन्य मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

राजगढ़ जिले की विभिन्न जनपदों के तहत आ रही 623 ग्राम पंचायतों में पदस्थ रोजगार सहायकों को बीते दो माह (जुलाई व अगस्त) से वेतन नहीं मिल पाया है। ऐसे में आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे रोजगार सहायक संघटन के पदाधिकारियों ने जिलाधीश डॉ. गिरीश मिश्रा से भेंट करते हुए मानदेय जल्द दिलवाने सहित अन्य मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। रोजगार सहायक संगठन जिलाध्यक्ष सागर गुर्जर ने बताया कि उक्त दो माहों में रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेशोत्सव सहित अन्य पर्व निकल गए, जो बिना मानदेय के ही आर्थिक परेशानियों के बीच जीआरएस द्वारा मनाए गए। संगठन पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मांग रखी कि सभी रोजगार सहायकों को दोनों महीनों का मानदेय तत्काल भुगतान करवाया जाए।



### सचिव विहीन ग्राम पंचायतों में सौंपे जाए वित्तीय अधिकारी

*सौंपे गए ज्ञापन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के उस आदेश का भी हवाला दिया गया है जिसमें सचिव विहीन पंचायतों के प्रभार रोजगार सहायकों को देने का उल्लेख है। इसके बावजूद जिले में उक्त आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है और अनेक पंचायतों में एक ही सचिव को एक से अधिक पंचायतों का प्रभार सौंपते हुए वित्तीय अधिकार प्रदान किए गए हैं। ऐसे में ज्ञापन के जरिए मांग रखी गई है कि सचिव विहीन ग्राम पंचायतों में रोजगार सहायक(सहायक सचिव) को ही पंचायत के सचिवीय अधिकार सौंपे जाए। ज्ञापन के अवसर पर ब्यावरा ब्लॉक अध्यक्ष सर्जन सिंह पंवार, राजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष मोहन गुर्जर, सारंगपुर ब्लॉक अध्यक्ष कालू सिंह, जीरापुर ब्लॉक अध्यक्ष रामबाबू दांगी, नरसिंहगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण उमठ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।*

# शहर में चल रहीं अवैध पैथालॉजी और क्लीनिक, जांच करने पहुंचे अधिकारी

**विदिशा।** शहर में धड़ल्ले से संचालित हो रहीं अवैध पैथालॉजी और इलीगल क्लीनिकों की जांच करने के लिए डीएचओ पुनीत माहेश्वरी ने बुधवार को निरीक्षण किया। विदिशा नगर में संचालित करीब 10 पैथालॉजी लेब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया ब्लड कलेक्शन सेंटर की आड़ में अवैध पैथालॉजी संचालित हो रहीं हैं। इसके अलावा ऐसी भी पैथॉलाजी शहर में चल रहीं हैं जिनका संचालन प्रशिक्षित लोगों द्वारा किया जा रहा है। लेकिन मरीजों को जांच रिपोर्ट पैथॉलॉजी के विशेषज्ञ डॉक्टर के हस्ताक्षर वाली प्रिंट दी जाती है। सच्चाई तो यह है कि यह जांच रिपोर्ट स्थानीय संचालक द्वारा ही तैयार कर दी जाती है। लेकिन इस तरह के अवैध संचालन पर जांच दल ने नोट तो किया लेकिन बयान नहीं दिया। डॉ माहेश्वरी ने बुधवार को शहर के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। इस दौरान 8 से 10 क्लीनिक और पैथोलॉजी लैब की जांच की गई। अधिकारियों ने बताया कि जांच का उद्देश्य यह देखना था कि संबंधित संस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित आवश्यक विभागों में पंजीकृत हैं या नहीं।सीएमएचओ के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान में जो भी संस्थान नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा कराया गया था आयोजन

# जिले के 5 खिलाड़ियों ने गुना में जीते गोल्ड, सिल्वर सहित 5 मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के तहत 8 से 11 सितंबर तक गुना जिले में आयोजित हुई जुडो प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता में जिले के पांच खिलाड़ियों ने भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते 03 गोल्ड मेडल, 01 सिल्वर मेडल, एक ब्राउंज मेडल प्राप्त किया है।

गोल्ड मेडल पाने वाले खिलाड़ी में ज्योतिराज प्रजापति, हरिओम प्रजापति एवं देशराज यादव शामिल रहे। इसी प्रकार सिल्वर मेडल सुमित प्रजापति ने प्राप्त किया वहीं ब्राउंज मेडल पर श्री कुश ने कब्जा जमाया। ये सभी खिलाड़ी खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित ग्रामीण युवा केन्द्र एवं खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर ब्यावरा में कोच शुभम राजपूत के द्वारा नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इस उपलब्धि पर खेल और युवा कल्याण विभाग अधिकारी शर्मिला डावर सहित अन्य ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। अब यह खिलाड़ी मणिपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।




अनजान वृद्ध महिला के इलाज उपरान्त उज्जैन आश्रम पहुंचाया

# जिसका कोई नहीं था उसका सहारा बना अस्पताल का स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

करीब तीन माह पूर्व जिला अस्पताल में 60 वर्षीय एक वृद्ध महिला को गंभीर हालत में सर्जीकल वार्ड में भर्ती किया गया था। पुष्पाबाई नाम की इन वृद्ध महिला के साथ कोई परिजन साथ नहीं होने पर जिला अस्पताल के स्टाफ ने ही उन्हें अपना मानकर इलाज किया और अब वे पूरी तरह स्वस्थ हो चुकी हैं। जांच में सामने आया था कि पुष्पाबाई को किसी जानवर ने पैर में काटा था जिसके चलते उनकी स्थिति बहुत ज्यादा गंभीर थी। सर्जीकल वार्ड में डॉ. आर.एस. परिहार (अब सेवानिवृत्त), डॉ. राजेंद्र कटारिया, डॉ. रजनीश शर्मा, वार्ड इंचार्ज योगेश्वरी नागपुरे सहित अन्य स्टाफ ने उपचार के साथ-साथ मरीज को दैनिक उपयोग की सामग्री सहित कुछ आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। पुष्पाबाई के पूरी तरह स्वस्थ होने पर 11 सितंबर को उन्हें अस्पताल प्रबंधन द्वारा उज्जैन के एक आश्रम में भेजा गया है।



### राज्यमंत्री ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

गुरुवार को प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने राजगढ़ में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने मेडिकल स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर व चिकित्सकीय स्टाफ मरीजों के लिए भगवान का रूप होते हैं। इसलिए उनका व्यवहार मधुर और सहानुभूतिपूर्ण होना चाहिए। विभागीय योजनाओं की समीक्षा उपरान्त टेटवाल नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं के बीच भी पहुंचे एवं उनके साथ संवाद किया।

### गो तस्करी में पकड़ा गया वाहन राजसात

**विदिशा।** कलेक्टर जिला दण्डाधिकारी ने जिले में पशुओं के अवैध परिवहन में जप्त एक वाहन को राजसात करने का आदेश जारी कर दिया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि रायसेन जिले के ग्राम हाकिमखेड़ी के जाहिद खां पुत्र अजीज खां के द्वारा वाहन क्रमांक एमपी 04 जीबी 3688 लोडिंग आटो में पशुओं के अवैध परिवहन करता पाए जाने पर उक्त वाहन को राजसात करने का आदेश पारित किया गया है।

### पुलिस चेकिंग अभियान 17 चालान बनाए

**विदिशा।** यातायात पुलिस द्वारा विवेकानंद चौराहे पर वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 18 वाहन चालकों के चालान बनाए गए। अर्थदंड वसूला गया।

### निशुल्क शिविर लगा

**कुरवाई।** कुरवाई के शहीद पुलिस निरीक्षक स्व. वीरसिंह सप्रे की स्मृति में जीवनदान अस्पताल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। यह शिविर पटेल लैंड मार्क मेंआयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं विशेषज्ञ परामर्श का लाभ लिया। इस अवसर पर शिविर में सेवाएं देने वाले सभी चिकित्सकों को शॉल-श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह सप्रे अपने बड़े भाई को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि बड़े भैया के आशीर्वाद से ही मैं जनता की सेवा कर पा रहा हूं। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है।

# किसानों को दिया जा रहा है एटीएम कार्ड, इसी से मिलेगा खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद

किसानों को अब खाद वितरण में अव्यवस्था और लंबी कतारों से निजात मिलने जा रही है। सरकार ने को-ऑपरेटिव बैंक और सहकारी समितियों के माध्यम से खाद एटीएम (डेबिट कार्ड) व्यवस्था की शुरुआत की है। बैंक पर्यवेक्षक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि किसान अपने एटीएम कार्ड से निर्धारित कोटे के अनुसार खाद ले सकेंगे। कार्ड में किसान की जमीन के रकबे के आधार पर खाद की मात्रा पहले से दर्ज रहेगी। शमशाबाद जिला सहकारी बैंक अंतर्गत दस समितियों में किसानों को एटीएम कार्ड बांटे जा रहे हैं। इसी क्रम में सहकारी समिति शमशाबाद में किसानों को एटीएम कार्ड वितरण किए गए।



### लंबी कतार से निजात

एटीएम कार्ड से मिलेगा तय कोटे का खाद। इससे लंबी कतार से निजात मिल जाएगी। किसानों को यह जानकारी देते समय इसके फायदे गिनाए। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विनोद अहिरवार, समिति प्रशासक एम.एस. भदौरिया, समिति प्रबंधक पूजा मीना, राजेन्द्र राजपूत, सुन्दर सिंह राजपूत, केशव त्यागी, बाबू सिंह राजपूत, सौदान कुशवाह, राजेश चौहान, जानकी प्रसाद शर्मा, बृजेश धाकड़, लिपिक तुलसीराम शर्मा सहित किसान उपस्थित थे।

निःशुल्क स्कूटी वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ, सीएम ने वर्चुअल दी बधाई

# सारंगपुर में 5 और पचोर में एक को मिली स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत शनिवार को सारंगपुर और पचोर में स्कूटी वितरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल रूप से जुड़कर छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और मेहनत से आगे बढ़ने का संदेश दिया। उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में आयोजित समारोह में विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा,गोपाल पाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्या पूजा विजयवर्गीय ने बताया कि स्कूटी योजना में चयनित छात्र-छात्राओं को प्राधिकार पत्र सौंपे गए। इनमें उत्कृष्ट विद्यालय की छात्रा महिमा पिता मनोजकुमार जैन, प्रियांशु पिता हरिनारायण प्रजापति, मॉडल स्कूल के राहुल पिता फूलसिंह परमार, दीक्षिका पिता रुगनाथसिंह और कन्या उमावि की पायल पिता माखन विश्वकर्मा शामिल रहे। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश विरमाल ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसके बाद विधायक प्रतिनिधि श्रीटेटवाल एवं नपाध्यक्ष पालीवाल सहित जनप्रतिनिधियों ने छात्रों को पत्र वितरित कर कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है और मेहनत से ही सफलता संभव है। शहर की यह प्रतिभाएं भविष्य में क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करेंगी। इस दौरान रामेश्वर डांगी, सुनील कुमार सेन, दुर्गेश कुमार भारती, संतोष मालवीय, गुलाब सिंह कच्छावा, राहुल मालवीय, मोहन लववंशी, लाल सिंह राजपूत सहित राजेश जाटव, ममता यादव, सविता लववंशी, तृप्ति पंचोली, वैजयंती चैरसिया, पिंकी यादव आदि शिक्षक उपस्थित थे।

वहीं पचोर के पीएमश्री कन्या उमावि पचोर में हुए कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सशक्त भारत के लिए सशक्त नारी शक्ति जरूरी है। छात्राओं को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए।



प्रयोगशालाओं द्वारा मिट्टी की जांच के बाद एकत्रित आंकड़ों से जिले की मिट्टी का मानचित्र तैयार किया जाए - कलेक्टर गुप्ता

# कलेक्टर ने युवा उद्यमियों द्वारा संचालित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं के कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शासन की योजनांतर्गत जिले के 7 विकासखंडों में 8 मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओ में से 5 प्रयोगशालाओ को छह माह पूर्व संचालन हेतु निजी हाथों में सौंपा गया था। इस प्रकार वर्तमान में जिले की आठ मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओ में से 3 युवा उद्यमियों द्वारा, 2 एफपीओ द्वारा, 1 वीएसटीएल योजनांतर्गत अंतर्गत तथा 2 शासन द्वारा संचालित हो रही हैं। उक्त प्रयोगशालाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों की कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिये हैं कि प्रयोगशालाओं द्वारा मिट्टी की जांच के बाद एकत्रित ऑकडों से जिले की मिट्टी का मानचित्र तैयार किया जाए। जिसमें उन गांवों को प्रदर्शित किया जाये जहां पर जरूरत से ज्यादा उवर्रक कृषकों द्वारा उपयोग किया जा रहा है, ताकि उन कृष्कों को मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग की सलाह दी जा सके। उक्त बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया, सहायक संचालक महेंद्र सिंह ठाकुर, सहायक संचालक अविना परिहार सहित सभी मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं के लैब प्रभारी एवं शाखा प्रभारी साक्षी सचान उपस्थित रहे।

इस बैठक का उददेश्य मिटटी की जांच से सम्बंधित प्रयोगशलाओं के कामकाज की समीक्षा करना था। इस वर्ष अभी तक कृषकों के खेतों से 20 हजार 944 मिट्टी के नमूने लिये जा चुके हैं। जिनमें से 17 हजार 491 नमूने विश्लेषित किये जाकर कृषकों को मृदा स्वास्थय कार्ड उपलब्ध करा दिये हैं। ज्ञात हो कि मिट्टी परीक्षण से मृदा में उपलब्ध पौषक तत्व जैसे नाईट्रोजन, फास्फोरस पोटेशियम आदि की मात्रा का ज्ञान होता है। जिससे फसलों के लिये आवश्यक उर्वरकों की मात्रा का निर्धारण किया जा सकता है।

### तिलक गांव के गोविंद सिंह पर इनाम घोषित

**विदिशा।** नकद इनाम की घोषणा विदिशा। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा सिविल लाइन थाना में दर्ज अपराध क्रमांक 804/2024 की विभिन्न धाराओं का का फरार आरोपी गोविन्द सिंह पुत्र खुमान सिंह दांगी निवासी ग्राम तिलक हाल मां विहार कालोनी, बगीचा रेस्टोरेन्ट के सामने विदिशा की सूचना देने वालो को तीन हजार रुपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है।